तापमान
अधिकतम 42.4 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 21 अप्रैल 2025

12 मिर्गी और ब्रेन स्ट्रोक से बचाव को लेकर दी जानकारी



12 प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी यात्रा



## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्र में आज प्रवेश करेगी साइक्लोथॉन

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त सोनू भट्ट ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने का विशेष संदेश देने के लिए अंबाला जिले से आज धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की सीमा में साइक्लोथॉन में पहुंचेगी। यह साइक्लोथॉन हिसार से चलकर 27 अप्रैल को सिरसा जिले में सम्पन्न होगी। इस साइक्लोथॉन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि साइक्लोथॉन में प्रदेश भर से 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इस साइक्लोथॉन यात्रा के स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### राज्य स्तरीय बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर आज से

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग चंडीगढ़ के आदेशानुसार पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 से 26 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ बचाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त नेहा सिंह वीआईपी घाट ब्रह्मसरोवर पर 21 अप्रैल को करेंगी।

### दुकान से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** देवी भवन बाजार जगाधरी निवासी अश्वनी कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी लक्कड़ हारण गली देवी भवन बाजार में दुकान है। चोरों ने रात के समय उसकी दुकान से दो एसी, दो चांदी की मूर्ति, चांदी की प्लेट, एक चांदी की कटोरी, पीतल के बर्तन, कपड़े व अन्य सामान चोरी कर लिया। जिनकी कीमत करीब 60 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### गांव चुलकाना में राज मिस्त्री ने लगाई फांसी

**पानीपत।** पानीपत के गांव चुलकाना में राजमिस्त्री राजू साहनी मूल निवासी बिहार ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। थाना समालखा पुलिस ने जांच के बाद राजू के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम करवाया। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई दामु साहनी को राजू का शव सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। राजू के पत्नी व बच्चे बिहार में ही रहते है।

### मकान में चोरी करने के आरोपी को किया काबू

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने घर से नगदी, मोबाइल व गहने चोरी करने वाले आरोपी निखिल उर्फ भूरा निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में आसीर पुत्र हबीब निवासी विद्यानंद कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, आरोपी के खिलाफ पहले भी बाइक चोरी के तीन मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा चार मोबाइल फोन, सोने की एक बाली व चांदी की एक अंगूठी बरामद की है।

### डॉ. सुनीता डीडीईओ के पद पर हुई पदोन्नत

**इसराना।** शिक्षा विभाग हरियाणा ने खंड शिक्षा अधिकारी से उप जिला शिक्षा अधिकारी पद पर इसराना की उप मंडल शिक्षा अधिकारी डॉ.सुनीता कादियान को पदोन्नत किया है। उनको कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत में ही अपने पद पर ज्वाइन करने के आदेश दिए गए हैं।

### जनसेवा दल के वृद्धाश्रम में लिफ्ट लगवाई

**पानीपत।** जन सेवा दल के अपना आशियाना में रह रहे अपाहिज और बुजुर्गों को ग्राउंड फ्लोर से चौथी मंजिल पर जाने के लिए सीढी का सहारा लेना पड़ता है और उन्हें काफी परेशानी होती थी। जिसका पता चलने पर शहर के दानवीरों ने एक लिफ्ट लगवाई है।

## केंद्रीय मंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

# भारतीय संविधान ने दिया सभी को समानता का अधिकार : मनोहर लाल

### गांव हैबतपुर में संविधान सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ एकजुट होकर देश व समाज की भलाई के लिए कार्य करें

केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज का हर वर्ग स्वाभिमान से आगे बढ़े और अलग थलग होकर नहीं बल्कि एकजुट होकर देश व समाज की भलाई के लिए कार्य करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में पिछले 10 वर्षो में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की सोच को आगे बढ़ा रही है और अंत्योदय के मूलमंत्र पर चलते हुए हर वर्ग का उत्थान कर रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शनिवार को देर शाम नीलोखेड़ी के गांव हैबतपुर में स्थित मिलन फार्म में आयोजित संविधान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में सबसे पहले बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने केंद्रीय मंत्री को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट की तथा पगड़ी पहनकर उनका सम्मान किया। आयोजकों ने हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन केंद्रीय मंत्री के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखा, जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान कहलाया। भारतीय संविधान एक पवित्र ग्रंथ है, जब भी हम शपथ लेते है संविधान या पवित्र ग्रंथ गीता को साक्षी मानकर लेते है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया बल्कि उनको चुनाव भी नहीं जीतने दिया बल्कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उन्हें 1955 में राज्यसभा का सदस्य बनवाने में सहयोग किया।



**करनाल।** गांव हैबतपुर में आयोजित संविधान सम्मान समारोह में केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए।

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन बहुत संघर्ष का जीवन रहा, जिन्होंने बाबा साहेब की जीवनी को पढा है उस जीवनी को पढकर प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति को कैसे संघर्ष करना पड़ता है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखा था और सभी वर्गो को समानता का अधिकार दिलाया। उन्होंने अपने जीवन काल में दलित समाज के लिए लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम के आयोजक एवं नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और उनका जन्म ऐसे समय में हुआ जब समाज भेदभाव के दर्द को झेल रहा था।

### विपक्ष आरक्षण विरोधी

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विपक्ष ने हमेशा आरक्षण का विरोध किया, लेकिन वर्तमान सरकार ने हर वर्ग का पूरा ध्यान रखा, किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया। इसके बावजूद भी पिछले लोकसभा के चुनावों में विपक्ष के लोगों ने संविधान को बदलने व आरक्षण को खत्म करने का दुष्प्रचार किया था।

## कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को विश्व में फैला रही सरकार : सैनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ सीएम ने विदेशी शिष्टमंडल के साथ ब्रह्मसरोवर तट पर की महाआरती

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत व धरोहर को विश्व के हर कोने तक फैलाने पर फोकस रखकर सरकार काम कर रही है। इसी पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण ने हजारों वर्ष पूर्व पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश दिए थे।

इन उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर आरती स्थल पर जिला प्रशासन व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विभिन्न देशों से आए शिष्ट मंडल के सदस्यों को अंगवस्त्र व भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद महाआरती की और प्रदेशवासियों की सुख स्मृद्धि की कामना भी की है। इस कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिष्टमंडल के साथ गीता स्थली ज्योतिसर का अवलोकन किया और शिष्ट मंडल के साथ लाइट एंड साउंड शो भी देखा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 36वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के 13 देशों के 27 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। यह शिष्ट मंडल पिछले 4 दिन से हरियाणा के अलग-अलग स्थानों का भ्रमण कर रहा है। इस शिष्ट मंडल ने हरियाणा विधानसभा, पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट का अवलोकन किया है।

## मिजोरम के अधिकारियों की टीम ने अढोन के आंगनबाडी केंद्रों का किया निरीक्षण

■ निरीक्षण के दौरान पोषण ट्रैकर के सभी मापदण्डों का रिव्यू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि पोषण अभियान के तहत 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग मिजोरम के अधिकारियों की टीम व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर के द्वारा गत दिवस गांव अढोन के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने कहा कि इस निरीक्षण के दौरान पोषण ट्रैकर के सभी मापदण्डों का रिव्यू किया गया, रिव्यू के दौरान सभी मापदण्ड सही पाए गए। उन्होंने आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का सही समय पर पंजीकरण हो और डिलीवरी के बाद तक उनकी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। आंगनबाड़ी और आशा वर्कर गर्भवती महिलाओं के डाटा को समय पर दर्ज करें और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी महिला रजिस्ट्रेशन से वंचित न रहे। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने आशा वर्कर, एएनएम, अध्यापकों और आंगनबाड़ी वर्करों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत, सभी लाभार्थियों के बैंक खाते खोलने और उन्हें समय पर लाभ पहुंचाने के लिए लीड बैंक और डाकघर को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के भारत आगमन के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

■ किसानों ने की केंद्र सरकार से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता नहीं करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अखिल भारतीय किसान सभा आह्वान पर रविवार को सभा की स्थानीय यूनिट के सदस्यों द्वारा गांव कुंजल में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडीवेंस की आगामी भारत यात्रा के विरोध में प्रदर्शन किया।

इस दौरान किसान सभा के सदस्यों ने केंद्र सरकार से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता व सभी व्यापार समझौतों (एफटीए) से पीछे हटने की मांग की गई। सभा के स्थानीय कमेटी प्रधान कुलवंत व सचिव टोकन दास ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हुक्म के आगे घुटने टेक दिए हैं और कृषि उत्पादों सहित अमेरिकी उत्पादों के लिए टैरिफ व गैर टैरिफ बाधाओं को कम करने की योजना पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने भारत को अपना कृषि बाजार खोलने जैसा आदेश दिया है। जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। मौके पर किसानों ने जेडीवेंस वापस जाओ, भारत बिकाऊ नहीं है के नारे लगाकर विरोध जताया। किसान सभा के जिला कमेटी के कोषाध्यक्ष प्यारे लाल तंवर ने कहा कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ बातचीत द्विपक्षीय व्यापार समझौता डेयरी किसानों के लिए मौत की घंटी साबित होंगे। क्योंकि यदि टैरिफ और बाजार प्रतिबंध हटा दिए गए तो भारत को अमेरिकी डेयरी निर्यात में भारी उछाल आएगा। अमेरिकी वीट एसोसिएट्स का दावा है कि भारत में घरेलू समर्थन का स्तर ऊंचा है और व्यापार को विकृत करने वाले ऊंचे शुल्क हैं। विडंबना यह है कि यह तब है जब भारत में किसान कानूनी रूप से गारंटीकृत खरीद के साथ लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं।




**यमुनानगर।** गांव कुंजल में प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य।

### विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति के साथ व्यापार वार्ता की गई तो किसान सभा किसानों व खेत मजदूरों को एकजुट कर विरोध प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर भरत राम, दर्शन सिंह, धर्मपाल, ऋषिपाल, सुंदरलाल, विनोद कुमार, रणधीर व दर्शनलाल आदि मौजूद रहे।

## फरार हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ परिजनों ने खुद पुलिस को दी आरोपी की सूचना

हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने छह महीने बाद काबू किया है। मृतक के परिजनों ने ही आरोपी की सूचना पुलिस को दी थी। फरार आरोपी अंबाला शहर के बलदेव नगर पुल के पास घूमते देखा गया था।

परिजनों ने मुस्तैदी दिखाते हुए इलाका पुलिस को बुलाकर आरोपी को पकड़वा दिया। दरअसल यह मामला मुलाना थाना के अधीन आने वाले घेलड़ी गांव का है। 16 नवंबर को खेत में झगड़े के दौरान ज्वलनशील पदार्थ डालकर हेमंत कुमार को आग लगाने का आरोप था। पूरी तरह झुलसे हेमंत ने 11 दिन बाद चंडीगढ़ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। इस मामले में नामजद प्रदीप को पुलिस ने उसी समय काबू कर लिया था लेकिन ओमदत्त तभी से फरार चल रहा था। आरोपी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मृतक के बेटे रजत ने बताया कि एक रिश्तेदार ने सिटी के बलदेव नगर पुल के पास आरोपी को घूमते हुए देखा था। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस को मौके पर बुलाकर आरोपी को पकड़वाया था।

### टावर से लाखों की बैटरियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव भीलपुरा में लगे एलिवर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के टावर से चोरों ने करीब साढ़े चार लाख रुपये की बैटरियां चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जगाधरी में चोरों ने एक दुकान से हजारों का सामान चोरी कर लिया। गांव शेरपुर निवासी जगदीश कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव भीलपुरा में एलिवर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का टावर लगा हुआ है। चोरों ने 18 अप्रैल की रात को कंपनी के टावर से 72 बैटरी चोरी कर ली।

## महिला ने बाप-बेटे पर हाथापाई करने और छेड़खानी का लगाया आरोप

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव मारवा खुर्द में महिला के साथ मारपीट करने तथा गलत नीयत से हाथ पकड़ने के आरोप में पुलिस ने बाप बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

बिलासपुर थाना के अंतर्गत गांव निवासी 42 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल को दोपहर एक बजे उसकी गांव के ही अमित कुमार व उसके पिता रामकुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। जब वह आरोपियों को समझने लगी तो आरोपियों ने उसके साथ हाथापाई की और उसकी गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया। उसके शोर मचाने पर जब उसके आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कृषि मंत्री ने आगजनी-तूफान से प्रभावित किसानों से की मुलाकात

# सरकार किसान हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

■ मुख्यमंत्री किसानों की स्थिति को लेकर संवेदनशील : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कुरुक्षेत्र जिले के कई गांवों का दौरा किया और हाल ही में अग्निकांड व तेज तूफान से बर्बाद हुई फसलें और संरचनाएं देखने के बाद प्रभावित किसानों से सीधा संवाद किया।

मंत्री ने पीड़ित किसानों को भरोसा दिलाया कि हरियाणा में नायब सैनी के नेतृत्व वाली सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने दौरे के दौरान मांगना गांव के राकेश शर्मा से मुलाकात की, जिनका पॉलिफेज क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने मलकीत सिंह और वीरभान सिंह से भी भेंट की, जिनकी गेहूं की फसल जल गई थी। उन्होंने कहा कि किसानों की पीड़ा को हम केवल देख नहीं रहे, बल्कि उसे समझ भी रहे हैं। सरकार का पहला कर्तव्य है कि संकट की इस घड़ी में किसान अकेला न महसूस करे। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं प्रदेश के किसानों की स्थिति को लेकर संवेदनशील हैं और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में किसी तरह की कोताही न हो।



**पिहोवा।** गांव मांगना का दौरा करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी

राज्य सरकार की पूरी मशीनरी किसानों के साथ खड़ी है। चाहे राजस्व विभाग हो, कृषि विभाग हो या स्थानीय प्रशासन सब सक्रियता से राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। कृषि मंत्री ने किसानों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर किसान भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को कम कर सकते हैं।

### कृषि मंत्री का आभार

गांव के सरपंच और किसानों ने कृषि मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से उन्हें उम्मीद की नई किरण मिली है। किसानों ने अपनी समस्याएं खुले मन से मंत्री के समक्ष रखीं, जिनमें फसल बीमा के दायरे को बढ़ाने, राहत राशि में पारदर्शिता और स्थानीय स्तर पर पुनः स्थापन हेतु सहायता की मांग शामिल थी। इस मौके पर एसडीएम कपिल शर्मा, कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, तहसील प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## आरक्षित सीटों का ब्योरा नहीं देने पर 84 स्कूलों को नोटिस

■ आदेश के बावजूद ब्यौरा पोर्टल पर नहीं किया गया अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शिक्षा विभाग ने आरटीई एक्ट 2009 के नियमों की अवहेलना करने वाले जिले के 84 मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस किया हे। इन स्कूलों ने शिक्षा विभाग के पोर्टल पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अलाभप्रद समूह के बच्चों के लिए निशुल्क प्रवेश हेतु आरक्षित सीटों का ब्यौरा तय समय-सीमा में अपलोड नहीं किया।

इस संबंध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिए कि वे अपने-अपने ब्लॉक के ऐसे सभी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। यह सुनिश्चित करें कि नोटिस संबंधित स्कूलों को उनकी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी के माध्यम से तो भेजे ही जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आगामी सोमवार तक यह प्रमाण पत्र भी सौंपना होगा कि उन्होंने अपने खंड के सभी स्कूलों को विधिवत रूप से नोटिस दे दिए हैं। डीईईओ ने बताया कि विभाग द्वारा कई बार तारीख बढ़ाकर इन स्कूलों को पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने का अवसर दिया गया लेकिन 84 विद्यालयों ने इस निर्देश की अनदेखी की।

### एमआईएस लॉक

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 33 अमान्यता प्राप्त और 84 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के पोर्टल एम.आई.एस. सिस्टम को लॉक कर दिया गया है। इससे अब ये स्कूल किसी भी छात्र का रजिस्ट्रेशन या नया एडमिशन नहीं कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### पिस्तौल व जिंदा रौंद के साथ आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की सीआईए वन पुलिस ने बस अड्डा कांजनू के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल, एक देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात सिपाही रवि कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि बस अड्डा कांजनू के पास युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी पिस्तौल, देसी कट्टा व जिंदा रौंद बरामद हुए। आरोपी की पहचान हरदीप उर्फ सन्नी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

# प्रशासन और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने 1893 वाहन जांचे

## अनियमितता पाने वाले वाहनों पर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिले में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन व नियमों की पालना नहीं करने वाले खनिज वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के चलते बीती रात जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने 1893 वाहनों की चैकिंग कर एक वाहन को सीज किया। इस दौरान चैकिंग के दौरान अनियमितता पाने वाले वाहनों पर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1262 वाहनों की चैकिंग कर एक वाहन सीज किया गया जिस पर 4 लाख 26 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 238 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 227 वाहनों की चैकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 166 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।


यमुनानगर। नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहन पर कार्रवाई करते हुए विभाग की टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### संजीदगी से की जा रही है मॉनिटरिंग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सडकों पर बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन की शिकायत दर्ज करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।


यमुनानगर। खजूरी में शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए अतिथि।

# शिविर में 35 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रविदास कमेटी के तत्वावधान में रविवार को गांव खजूरी के श्रीरविदास मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में श्री मां ब्लड सेंटर यमुनानगर के चिकित्सकों व स्टॉफ सदस्यों ने रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। शिविर में 35 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

मास्टर सोहनलाल ने बताया कि रक्तदान करने वाले लोगों ने रक्तदान कर समाज कल्याण के कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। ब्लड सेंटर के सदस्य अक्षय ने बताया कि खून का दान महादान होता है। रक्तदाता द्वारा दान किया गया रक्त किसी व्यक्ति की जिंदगी बचाने के काम आता है। रक्त देने से शरीर में कोई कमी नहीं आती । कुछ दिनों में ही हमारे द्वारा दिए गए खून की पूर्ति हमारे शरीर में हो जाती है। मास्टर सोहनलाल ने कहा कि हमें हर शुभ अवसर पर रक्तदान करना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अक्षय, हरपाल सिंह, साहिल, सतवीर, सुमित, डिंपल, रोहित, राजेश, अभिषेक, जितेंद्र, सोहनलाल, गुलशन, अमित,मंगाराम, मोहित, गगन व रवि आदि मौजूद रहे।



# हार्डवेयर की दुकान में चोरों ने लगाई सेंध

- आरोपियों द्वारा की गई वारदात सीसीटीवी में हुई कैद
- पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरु की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर में तहसील के नजदीक स्थित दुकान में बीती रात चोरों ने सेंध लगाकर हजारों रुपये की नगदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मामले में आरोपियों द्वारा दुकान में की गई चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और उनकी तलाश शुरु कर दी।

जानकारी के मुताबिक कस्बा निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने तहसील के नजदीक ज्योति प्रसाद बैजनाथ हार्डवेयर के नाम से दुकान बना रखी है। देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह के वक्त वह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा है। उसने जांच की तो चोरों ने उसकी दुकान के ऊपर मोंटी को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने सामान की जांच की तो दुकान में रखे 80 हजार रुपये की नगदी व लैपटॉप समेत लाखों रुपये का हार्डवेयर का सामान गायब मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच की।

# आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 12 कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया

- रोटरी क्लब यमुनानगर द्वारा आयोजित किया 9वां वार्षिक सामूहिक विवाह समारोह
- मुख्यातिथि विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और क्लब के सदस्यों ने विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद


यमुनानगर। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित सामूहिक समारोह में नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणीय संस्था रोटरी क्लब यमुनानगर द्वारा रविवार को आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के लिए शहर के औद्योगिक नगर स्थित आरके पैलेस में नौंवा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह समारोह में बार जोड़े विवाहित बंधन में बंधे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व कार्यक्रम के अध्यक्ष रोटेरियन संजय मल्होत्रा समेत अन्य गणमान्य ने विवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद दिया। रोटेरियन एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय मल्होत्रा ने बताया कि क्लब द्वारा नौंवा सामूहिक समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों की 12 कन्याओं का विवाह समारोह विधिवत रीति रिवाज से संपन्न करवाया गया। उन्होंने बताया कि अब तक क्लब द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों की 120 बेटियों का विवाह संपन्न करवाया जा चुका है। मौके पर रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन करण बिंदलिश ने बताया कि नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन शुरू करने के लिए दहेज के रुप में फ्रिज, पलंग, अलमारी, कूलर, कपड़े, रसोई के बर्तन, सिलाई मशीन, मिक्सर समेत जरूरी घरेलू सामान भेंट स्वरुप प्रदान किया गया है। क्ल्ब के सह अध्यक्ष रोटेरियन विभोर पाहुजा ने बताया कि क्लब द्वारा समाज सेवा के कार्य करके लोगों की सहायता की जा रही है। क्लब की सचिव रोटेरियन अपूर्वा सिंह गोयल ने बताया कि नवविवाहितों और उनके परिवारों को नाश्ता व दोपहर का भोजन दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बेटियों की भावभीनी विदाई के साथ विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब के पूर्व प्रधान रोटेरियन पंकज मलिक, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा आदि ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके दांपत्य जीवन की मंगलकामना की।

ये रहे मौज

मौके पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट के पूर्व गवर्नर रोटेरियन सुभाष गर्ग, रोटेरियन प्रवीण और रोटेरियन सतीश सलूजा ने कन्यादान किया। वहीं, डॉ. रितु मागो, राजन सपरा, सुमीत गुप्ता, अरविंद गुप्ता व संजय पाहुजा आदि मौजूद रहे।

# मंडियों से गेहूं का तुरंत करें उठानः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। चालू रबी सीजन के दौरान अब तक जिला की सभी अनाज मंडियों में एक लाख 63 हजार 32 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को जिला की अनाज मंडियों में खरीदी गई गेहूं का तुरंत उठान किए जाने और मंडियों में पेयजल समेत अन्य सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीदी गई एक लाख 63 हजार 32 मीट्रिक टन गेहूं में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 53 हजार 250 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 87 हजार 901 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 14 हजार 489 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उपायुक्त ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक जिला की बिलासपुर अनाज मंडी में 22 हजार 307 मीट्रिक टन, छछरौली मंडी में 14 हजार 119 मीट्रिक टन, गुमथला राव मंडी में 4 हजार मीट्रिक टन, जगाधरी मंडी में 23 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। जठलाना मंडी में 2 हजार 513 मीट्रिक टन, खारवन मंडी में 2 हजार 255 मीट्रिक टन, प्रताप नगर मंडी में 15 हजार 628 मीट्रिक टन , सरस्वती नगर में 30 हजार 314 मीट्रिक टन, रादौर में 23 हजार 960 मीट्रिक टन, रणजीतपुर मंडी में 5 हजार 576 मीट्रिक टन, रसूलपुर मंडी में 5 हजार 540 मीट्रिक टन, साढौरा मंडी में 12 हजार 525 मीट्रिक टन तथा यमुनानगर मंडी में 189 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने संबंधित अधिखारियों को अनाज मंडियों में खरीदी गई गेहूं का तुरंत उठान किया जाए।


यमुनानगर। सेफ सिटी टीम द्वारा अकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को आपराधिक घटनाओं से बचाव की जानकारी देते हुए एएसआई नीलम।

# असामाजिक तत्वों की अभद्र हरकत का डटकर करें मुकाबला : नीलम

- जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा कल्पना चावला अकेडमी में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा सेफ सिटी कैंपेन के तहत कल्पना चावला अकेडमी यमुनानगर में छात्राओं के लिए अपराधों से बाचव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को क्राइम अंगेस्ट वूमेन, पोक्सो एक्ट के प्रावधान, दुर्गा शक्ति एप, गुड टच व बैड टच, साइबर अपराधों व ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरुक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में महिला थाना पुलिस की एएसआई नीलम ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं एएसआई नीलम ने बताया कि जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल के निर्देशानुसार सेफ सिटी टीम कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को आपराधिक घटनाओं से बचाव को लेकर जागरुक कर रही है। इसी क्रम में सेफ सिटी टीम द्वारा कल्पना चावला अकेडमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एएसआई नीलम ने छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति सजग रहने तथा असामाजिक तत्वों द्वारा की गई किसी भी प्रकार की अभद्र हरकत का डटकर मुकाबला करने के लिए आहवान किया। उन्होंने मौके पर छात्राओं को 112 एप्प व दुर्गा शक्ति एप्प के महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को आहवान किया कि यह दोनों एप्प हर महिला के पास होना बेहद जरूरी है। इनकी सहायता से वह किसी भी समय विकट परिस्थिति में पुलिस की मदद ले सकती हैं। अगर महिला रात के समय कहीं से आ रही हो या जा रही हो वह अकेली होने पर भी किसी भी परिस्थिति में खुद को असुरक्षित महसूस न करें। आपकी एक कॉल पर महिला पुलिस आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी व ट्रिप मॉनिटरिंग के तहत महिला को उसके गंतव्य स्थान पर सकुशल पहुंचा देगी। एएसआई नीलम ने कहा कि कहा कि जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तत्पर है। इस अभियान के तहत जगह.जगह जिला पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

मुख्य वक्ता एवं एएसआई नीलम ने बताया कि जिला के सभी स्कूलों तथा कॉलेजों के आसपास सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार स्कूल और कॉलेज के सुबह खुलने तथा छुट्टी होने के समय सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सावधानी बरती जा रही है तथा वहां पर घूम रहे आवारा किस्म के लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। जिला पुलिस महिला सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।

# डीसी ने मुआवजा अधिनियम की जानकारी दी

- स्थायी पूर्ण अपंगता पर मासिक वेतन का 60 गुना मुआवजे का प्रावधान : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। जिसके तहत कार्यस्थल पर दुर्घटना, अपंगता या मृत्यु की स्थिति में कर्मचारियों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाता है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि यह योजना श्रमिकों की सुरक्षा और सामाजिक न्याय की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम के तहत, कार्यस्थल पर दुर्घटना में घायल होने या मृत्यु की स्थिति में श्रमिकों को आर्थिक सहायता दी जाती है। यह योजना सभी औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों, मोटर चालकों, ड्राइवरों, हेल्परों, मैकेनिकों, भवन निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों, मशीनों पर काम करने वाले श्रमिकों, उत्खनन कार्य करने वाले श्रमिकों, रेलवे कर्मचारियों, जहाजों की मरम्मत और लोडिंग,अनलोडिंग करने वाले कर्मचारी प्रिंट मीडिया के कार्यरत कर्मियों आदि पर लागू होती है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मृत्यु होने पर मृतक कर्मचारी के मासिक वेतन का 50 गुना श्रमिक की आयु के आधार पर, स्थायी पूर्ण अपंगता पर मासिक वेतन का 60 गुना, श्रमिक की आयु के आधार पर व आंशिक अपंगता पर अपंगता प्रमाण पत्र के अनुसार मुआवजे का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि योजना की आवश्यक शर्तें हैं कि नियोक्ता और कर्मचारी का संबंध होना चाहिए। कार्य के दौरान मृत्यु या दुर्घटना हुई हो व कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया हो।

# भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



श्रीलालद्वारा मंदिर यमुनानगर में रविवार को शुरु हुए दो दिवसीय समागम में श्री श्री 1008 महंत श्री राम सुंदर दास जी महाराज के दर्शन करने को लेकर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समागम में यमुनानगर जिला के अलावा चंडीगढ़, पंचकूला, कुरुक्षेत्र व सहारनपुर के हजारों श्रद्धालुओं ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आयोजित भजन कीर्तन में श्रद्धालु जमकर झूमे। रविवार सुबह से ही महाराज के दर्शन करने को लेकर श्रद्धालु मंदिर में पहुंचने आरंभ हो गए थे। महाराज ने पहले उन परिवारों को आशीर्वाद दिया जिन्होंने नाम दीक्षा ली। नामदीक्षा लेने श्रद्धालुओ ने सुच्चे मुंह पहले पंडित गोपालराज से पूजा अर्चना करवाई और फिर महाराज जी से नाम दीक्षा ली। श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। वहीं,राधा संकीर्तन मंडली के सदस्यों व कई अन्य भजनिको ने बाबा लाल जी का गुणगान किया। अज खुशियां ने मेरे तेरे करके, अज रोनका ने मेरे तेरे करके, तेरे करके गुरुजी तेरे करके। सानू खीच के ले आया तेरा प्यार ओ ध्यानपुर रहन वालेया.... भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

# मन को नियंत्रित करने के लिए ब्रह्मज्ञान रूपी पात्र है जरूरी

- साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को समझाया मन के भावों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को मन के भावों के महत्व के बारे में समझाया। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि अनियंत्रित मन से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। मन वह शक्ति है जिसे नियंत्रित किए बिना जीवन को सकारात्मक नहीं किया जा सकता। मन ब्रह्म लोग का वासी है। लेकिन वह संसार में आकर अपनी वास्तविकात भूल चुका है। मन अपने वास्तविक स्वरूप से जुड़ सकता है। यदि यह किसी अलौकिक एवं दिव्य स्त्रोत के संपर्क में आ जाए। भारती ने फरमाया कि कहा जाता है कि मन का अपना कोई अस्तित्व ही नहीं होता है। मन तो केवल विचारों का समूह है। व्यक्ति के विचार शून्य होने पर उसके मन का अस्तित्व भी नगण्य हो जाता है। व्यक्ति बाहर से किसी भी युद्ध को अपने बल, शौर्य एवं पराक्रम से जीत सकता है। लेकिन अपने भीतर चल रहे मन के विचारों की लड़ाई में विजय प्राप्त करना कठिन कार्य है। साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को समझाते हुए कहा कि जल को नियंत्रित करने के लिए पात्र आवश्यक है।

इसी प्रकार मन को नियंत्रित करने के लिए भी ब्रह्मज्ञान रूपी पात्र की आवश्यकता है। श्रीकृष्ण भगवान अर्जुन को मन को नियंत्रित करने का सूत्र बताते हुए कहते हैं कि हे अर्जुन मन को अभ्यास और वैराग्य के द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में समारोह आज

**कुरुक्षेत्र।** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में 21 अप्रैल को श्रीधन्ना भगत की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। श्रीधन्ना भगत एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान जगतार सिंह काजल ने जानकारी दी है कि इस पावन अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। साथ ही हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा एवं समाजसेवी महावीर मंढान विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारेंगे।

### केयू में अंबेडकर जयंती समारोह 25 को



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 25 अप्रैल शुक्रवार आयोजित संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आज रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया।

### टेंपल ऑफ क्राइस्ट चर्च में ईस्टर पर्व मनाया

**थानेसर।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में टेंपल ऑफ क्राइस्ट चर्च में रविवार सुबह ईस्टर पर्व अर्थात प्रभु यीशु के पुनः जीवित होने के दिन को बड़े हर्षोल्लाह से मनाया गया। चर्च ने ईस्टर की आशा का जश्न मनाने के लिए सभी का स्वागत किया। इस पावन अवसर पर बिशप पॉल भट्ट एवं पास्टर शॅरन भट्ट ने चर्च की सभी सदस्यों की तरफ से समस्त शहर वासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी। चर्च में आये सभी भगतो को आशीर्वचन देते हुए कहा कि जैसे प्रभु यीशु ने कहा है वैसे ही कि यह ईस्टर दिवस हमारे शहर में आशा और मेल मिलाप लाये और दिलों को प्यार और शांति से भर दे। उन्होंने आमजन को कहा कि प्रभु यीशु ने बोला था कि सब मिलकर रहे, इकठा रहे, तभी देश बढेगा आपस में बिलकुल भी द्वेष न रखे समाज के लिए काम करे जरूरतमंद की मदद करे।

## सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# एचकेआरएन के हटाए कर्मचारियों को तुरंत वापस नौकरी पर रखने की मांग

### मांगे नही माने जाने पर 20 मई को हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





**कुरुक्षेत्र।** देवीलाल पार्क में मौजूद कर्मचारी और मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने सरकार द्वारा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटाए जाने पर अपना कड़ा विरोध जताया है। मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र कैम्प कार्यालय पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी को सौंपा। इससे पहले प्रदेश भर के कर्मचारी देवीलाल पार्क में एकजुट हुए। उधर प्रदेश भर के कर्मचारियों के जुटने पर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। पुलिस ने दो जगहों पर बेरिकेटिंग कर दी। देवीलाल पार्क में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उपप्रधान नरेश शास्त्री व महासचिव नरेश कुमार ने कहा कि एक तरफ तो सरकार के द्वारा जॉब सिक्योरिटी के नाम पर भारी ब्यान बाजी व दावे किए जा रहे हैं, दूसरी तरफ नौकरी से हटाया जा रहा है। जिन कर्मचारियों को नौकरी करते हुए कई- कई साल हो गए हैं, उन्के परिवारों की रोटी छिनने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है, यह अन्याय व अमानवीय है। ऐसा लगता है सरकार को युवाओं का कच्चा रोजगार भी सहन नहीं है। अपनी 'सब कुछ कारपोरेट को देने की नीति' के कारण सरकार जनता की रोजी रोटी की सुरक्षा को भी दाव पर लगा रही है , ऐसा करना देश के लिए घातक होगा। जन सेवाओं को सुचारु ढंग से चलाने के लिए विभागों में खाली पड़े पद्दों पर तुरंत भर्तियां करने की आवश्यता है, परन्तु इस प्रकार से कर्मचारियों को नौकरी से हटाए जाने से मैनपावर की समस्या और भी खराब हो जायेगी। आज प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई कि सरकार कौशल रोजगार निगम में लगे कर्मचारियों की छटनी करना बन्द करे, हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से वापिस ले और सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को समग्र रेगुलराइजेशन की नीति बनाकर पक्का किया करे। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदर्शन में आ रहे वाहनों को रोकने व जब्त करने की कडी निंदा करते हुए कहा कि सरकार दमन का रास्ता अपनाने की बजाय एचकेआरएन सहित तमाम कर्मचारी वर्ग की समस्याओं का तुरंत समाधान करे। उन्होंने कहा कि 15-16 फरवरी को इसी कार्यालय पर प्रदर्शन किए गए थे, जिस पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय की तरफ 12 मार्च तक आचार संहिता के बाद बातचीत के लिए समय देने का आश्वासन दिया गया था, परंतु सरकार के द्वारा आज तक समय न देने का अर्थ है कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गम्भीर नहीं है। इन मुद्दों के साथ-साथ पेंशन नीति, वेतन आयोग, रेगुलराइजेशन, श्रम कानून में मजदूर-कर्मचारी विरोधी बदलाव, निजीकरण, बढ़ती मंहगाई व राज्य के कर्मचारियों की सभी मांगों को लेकर प्रदेश के तमाम कर्मचारी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संघों व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 20 मई की राष्ट्रीय हड़ताल में भाग लेंगे।

### हड़ताल की तैयारियों के लिए बैठक 4 को

*हड़ताल की तैयारियों के लिए सभी विभागीय संगठनों, जिलों व ब्लाक कमेटियों की मीटिंगें/कन्वेंशनें की जायेंगी। 26 अप्रैल को राज्य कमेटी की मीटिंग व 4 मई को कर्मचारी भवन रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन की जाएगी। 3 मई को सभी यूनियने / संगठन सरकार को हड़ताल का नोटिस भेजेंगे। प्रदर्शन में उपप्रधान जरनैलसिंह, उप महासचिव संदीप सांगवान, कैशियर सुखदर्शन सरोहा,जयवीर चहल, प्रभु सिंह, सुमेर सिवाच, सुरेश राठी, मोहेन्दर बोयत मांगे राम, अलका सिवाच उपप्रधान अद्यापक संघ,व जिलों के प्रधान, सचिव तथा विभागीय यूनियन के पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया! प्रदर्शन मै शामिल हुए सभी कर्मचारियों का जिला कुरुक्षेत्र के प्रधान साथी ओम प्रकाश ने क्रांतिकारी स्वागत किया।*

## ब्रह्माकुमारीज शाहबाद ने कार्यक्रम 'वाह जिंदगी वाह' का किया शुभारंभ



- अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर राजयोगी डॉ. ई. वी. स्वामीनाथन ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

मुख्यालय माउंट आबू से पधारे अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर राजयोगी डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने कहा कि मन को शान्त, स्थिर एवं हल्का रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या राजयोग से शुरू करनी होगी। राजयोग से हमारी कार्य कुशलता और एकाग्रता की शक्ति बढ़ती है। वे रविवार को शाहाबाद में ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन, अटारी कॉलोनी में 8 दिवसीय कार्यक्रम 'वाह जिंदगी वाह' के शुभारंभ पर 'खुशहाल दिन-चैन की नींद' विषय पर जीवन यापन के महत्वपूर्ण टिप्स दे रहे थे। ब्रह्माकुमारीज शाहबाद मारकंडा एवं समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाहाबाद विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे मा. सुभाष कलसाना, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी व नीजा दीदी आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया और सभी को म्यूजिकल एक्सरसाइज भी करवाई गई। डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'खुशनुमा जीवन' के लिए अहम गुर देते हुए कहा कि राजयोग ध्यान प्रकिया से हम अपने भाग्य को श्रेष्ठ एवं उज्जवल बना सकते है। इससे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रभु अनुभूति भवन शाहबाद की प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यह बताना है कि खुशियां हमारा इंतजार कर रही है, बस हमें अपनी दिनचर्या में मात्र कुछ परिवर्तन करने है।

### जांगड़ा ब्राह्मण सभा धर्मशाला की कार्यकारिणी गठित

**कुरुक्षेत्र।** जांगड़ा ब्राह्मण सभा धर्मशाला में प्रदेश भर में हुई आगजनी आपदा में अनेक जीव-जन्तु आगजनी के शिकार हुए. उनकी आत्मिक शांति के लिए व जांगड़ा ब्राह्मण धर्मशाला कुरुक्षेत्र में नई कार्यकारिणी गठन के उपलक्ष में समाज की सुखशांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी ने सारे समाज के सामने यह शपथ ली कि हम समाज के भले के लिए कार्य करेंगे और समाज की तरक्की के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। नई कार्यकारिणी के सदस्य प्रधान राकेश जांगड़ा, सचिव कमल जांगड़ा, वरिष्ट उपप्रधान सतपाल जांगड़ा व प्रेम चन्द जांगडा, कोषाध्यक्ष विजय जांगड़ा मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्ति पूर्व प्रधान राजपाल जांगड़ा व पूर्व प्रधान धर्मपाल जांगड़ा, पूर्व सचिव सोमदत जांगड़ा व कार्यकारिणी सदस्य सोहन लाल जांगड़ा, रामकुमार जांगड़ा आदि ने भाग लिया ।

## तूफान एवं आग की घटना से नुकसान को लेकर सरकार गंभीर

- सांसद नवीन जिन्दल कार्यालय की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा करके लिया नुकसान का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पीड़ति किसानों से बातचीत करते नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह।

सांसद नवीन जिन्दल ने कहा है कि हाल ही में आए तूफान के बाद हुए नुकसान को सरकार ने पूरी तरह से अपने संज्ञान में ले लिया है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि जल्द से जल्द नुकसान का पूरा आंकलन करके लोगों को राहत प्रदान की जाए। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि सांसद जिन्दल ने निर्देश दिए हैं कि तूफान के दौरान खेतों में आग लगने से जिन किसानों का नुकसान हुआ है और जिन लोगों के मकान एवं पशुधन आदि की हानि हुई है। उनको जल्दी ही सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में वे हर तरह से अपने लोगों के साथ खड़े हैं। किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर कोई भी व्यक्ति उनके कार्यालय में संपर्क कर सकता है। सांसद कार्यालय की टीम ने कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में प्रभावित गांवों का दौरा करके पीड़ितों से मुलाकात की।

### डॉ. जसविंदर ने पीड़ित किसानों से की मुलाकात



**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा हल्के के गांव दीवाना और मांगना में हाल ही में हुई आगजनी की घटनाओं ने स्थानीय किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। खेतों में खड़ी फसलें, घर का सामान और पशुधन—सब कुछ जलकर खाक हो गया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक और मानसिक क्षति पहुँची है। इन घटनाओं की जानकारी मिलते ही युवा नेता डॉ. जसविंदर खैहरा ने तुरंत मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ति किसानों से मुलाकात की। गांव दीवाना के किसान मायाराम शर्मा के घर में आग लगने से उनका मकान, घरेलू सामान और अनाज पूरी तरह जल गया, जिससे उनको पारवारिक के तौर पर काफी क्षति हुई है। वहीं मांगना गांव के किसान विशाखा सिंह की कीमती बैंस आग में जल गई, जो उनके जीवनयापन का मुख्य सहारा थी। डॉ. खैहरा ने कहा कि यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि प्रशासन की लापरवाही का भी परिणाम है, क्योंकि गाँवों में आग जैसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने सरकार से अपील की है कि प्रभावित किसानों को तुरंत आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। खेतों, घरों, पशुधन और फसलों के नुकसान का उचित सर्वे करके उन्हें राहत दी जाए, ताकि वे दोबारा अपने जीवन को संभाल सकें।



**लाडवा।** बैठक के दौरान रक्तदान शिविर को लेकर चर्चा करते क्लब के पदाधिकारी व सदस्य।

### 2 को लगेगा वृद्धाश्रम में रक्तदान शिविर

**लाडवा।** शहर की अंतराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी, रोट्रेक्ट व इनरव्हील क्लब की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट चेयरमैन गौरव गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 मई को बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में स्वर्गीय रीना कंसल की स्मृति में 10 वां रक्तदान शिविर लगाया जाएगा जिसमें शाहबाद से ब्लड बैंक की टीम रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित करने का कार्य करेगी। उन्होंने अधिक से अधिक रक्तदाताओं को रक्तदान रूपी यज्ञ में आहुति डालने के लिए आमंत्रित किया क्योंकि रक्तदान से न केवल किसी दूसरे व्यक्ति की जान बचती है बल्कि अपने स्वास्थ्य को भी ठीक रखा जा सकता है। वहीं रोटरी क्लब के प्रधान नरेश गर्ग ने आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में रूपरेखा तैयार की। वहीं जो अब तक क्लब द्वारा जो अभी तक कार्यक्रम किए जा चुके हैं, उनके बारे में भी विस्तार से बताया। वहीं मौके पर नरेश गर्ग, विकास सिंघल, राकेश खुराना, अमित सिंघल, संजीव जिंदल, दीपक सिंघल, राजेश मिगलानी व अरुण करुड़वाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब पिहोवा ने दो जरूरतमंद विद्यार्थियों की साल भर की फीस की जिम्मेदारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



रोटरी क्लब पिहोवा ने एक बार फिर अपनी समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए दो होनहार विद्यार्थियों की शिक्षा में सहायता प्रदान की है। नगर निवासी शिवकुमार, जो एक जटिल बीमारी से ग्रस्त हैं और इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं, अपने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में भी असमर्थ हो गए थे। उनके बेटे आदित्य (कक्षा नवमी) और लव (कक्षा सातवीं) पढ़ाई में अव्वल हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उनकी स्कूल फीस नहीं भरी जा सकी थी। दीपक बावेजा ने तुरंत क्लब के सदस्यों से चर्चा कर यह निर्णय लिया कि दोनों बच्चों की पूरे वर्ष की फीस रोटरी क्लब द्वारा वहन की जाएगी। आज क्लब कार्यालय में आयोजित एक सादे किंतु भावुक कार्यक्रम में, शिवकुमार को दोनों बच्चों की फीस का चेक प्रदान किया गया।



### ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय की मुख्य प्रशासिका को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीजः विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्था की मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी दादी रतन मोहिनी के निमित विशेष भोग और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दादी रतन मोहिनी ने 8 अप्रैल को अपना नश्वर शरीर छोड़ कर परमपिता परमात्मा की गोद ले ली। इसलिए आज प्रातःकाल दादी जी के निमित श्रद्धांजलि सभा की गई। केंद्र प्रभारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने बताया कि करीब 101 वर्षीय दादी ने 12 वर्ष की अल्प आयु में परमात्मा का परिचय प्राप्त किया था।

## मानव मित्र मंडल ने 31 छात्रों को पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर रामरतन शर्मा के आशीर्वाद से 31 छात्रों को शिव मंदिर सेक्टर- 3 कुरुक्षेत्र में प्रोत्साहन राशि एवं पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। इस पुनीतअवसर पर अशोक कुमार एसडीएम नीलोखेड़ी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जबकि सुनील दत्त एसएचओ लाडवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समाजसेवी सतपाल कल्याण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी व्यक्तियों को भी आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार हरियाणा प्रशासनिक सेवा ने कहा कि मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है। मेधावी छात्रों का सर्वांगीण विकास ही मानव मित्र मंडल का उद्देश्य है। कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील दत्त पुलिस निरीक्षक ने कहा कि मेधावी छात्र आर्थिक दृष्टि से शिक्षा से वंचित न रहे, मंडल का यह सेवा कार्य वास्तव में ही आत्म संतोष प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि सतपाल कल्याण ने कहा शिक्षित व्यक्ति ही सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। मंडल के संयोजक भारतेंदु हरीश ने कहा कि मानव मित्र मंडल का नारा, सबल बने निर्बल का सहारा ,सुंदर सजग समाज बने यही है ध्येय हमारा। इसी उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों के 31मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि एवं पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक देशराज भटनागर, लक्ष्यबीर सिंह, सूरज कमल सेठ, डॉ ज्ञानेंद्र शर्मा, डॉ एम एम सिंह आदि समाजसेवियों को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रमेश शर्मा ने किया।



### गीता कन्या विद्यालय की छात्रों ने किया आलमपुर का भ्रमण, गेहूं कटाई के बारे में ली जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा तृतीय से अष्टम तक के छात्रों को गांव आलमपुर का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कटाई के बचे हुए अवशेष को जलाने से पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बच्चों को जानकारी देना था। इसके साथ-साथ छात्रों को गेहूं की फसल की कटाई के बारे में जानकारी देना तथा प्रत्यक्ष अनुभव कराना था। खेत में पहुंचकर बच्चों ने दूर-दूर तक फैली हुई गेहूं की सुनहरी फसल को देखा। आचार्या शीला व अंजना ने बच्चों को बताया कि फसल रबी तथा खरीफ दो तरह की होती हैं। गेहूं रबी की फसल है जो नवंबर से दिसंबर माह तक बोई जाती है और मार्च से अप्रैल मास तक काटी जाती है। शीला ने बच्चों को बताया कि फसल की कटाई से बचे हुए अवशेषों को न जलाएं क्योंकि इससे पर्यावरण पर अत्यंत कुप्रभाव प्रभाव पड़ता है। शीला ने गेहूं के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गेहूं हमारे भोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसे आटा व अन्य खाद्य पदार्थ बनाए जाते हैं। आटा बनाने की विधि के प्रत्यक्ष अनुभव के लिए बच्चों को आटा चक्की का भी भ्रमण करवाया गया।

**कार्यक्रम** पंचनद स्मारक ट्रस्ट की तरफ से 417 ट्रस्टियों को उल्लेखनीय योगदान के लिए किया सम्मानित

# मातृ भूमि के लाखों वीरों की शहादत को समर्पित गांव मसाना में बनेगा पंजाबी धाम : धर्मदेव

### सीएम सैनी के विशेष योगदान से हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** सम्मानित करते पंचनद स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारी।

पंचनद स्मारक ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी धर्मदेव महाराज ने कहा कि देश के बंटवारे के समय जिन लोगों ने नरंसहार की त्रासदी को झेला उनकी पीड़ा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2021 को लाल किले की प्राचीर से घोषणा की थी कि विभाजन के समय कुबार्नी देने वाले लोगों की याद में स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा। इसके उपरांत केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष योगदान से हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। स्वामी धर्मदेव महाराज रविवार को गांव मसाना में पंचनद स्मारक ट्रस्ट की तरफ से आयोजित ट्रस्टी सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले संरक्षक स्वामी धर्मदेव महाराज,प्रदेशाध्यक्ष सुभाष सुधा व पूर्व नप अध्यक्षा उमा सुधा ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली और विधिवत रूप से इस सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। इसके उपरांत संरक्षक स्वामी धर्मदेव महाराज,प्रदेशाध्यक्ष सुभाष सुधा, राष्टद्रीय वरिष्ठद उपाध्यक्ष डा. सुभाष खन्ना, राष्टद्रीय उपाध्यक्ष राजीव घई, हरजीत सिंह चावला, महामंत्री सुरेन्द्र गुलाटी, कोषाध्यक्ष हरविन्द कोहली, सचिव देशराज मनचंदा, संयुक्त कोषाध्यक्ष चरणजीत अरोडा, युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र, सदस्य सुरेन्द्र खुल्लर, विजय निरमोही,विजय ढल, दर्शन नागपाल, रामकिशन गांधी, विजय अदलखा, जगदीश पाहवा, अर्जुन देव चावला ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्घाजंलि अर्पित की है।

### कुरुक्षेत्र के गांव मसाना में बन रहा है देश का विश्व स्तरीय शहीदी स्मारक : सुभाष सुधा

*पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि यह दिन हमें भाईचारे का संदेश देने के साथ-साथ यह भी याद दिलाता है कि सामाजिक एकता के सूत्र टूटते हैं तो देश भी टूट जाया करते हैं। प्रधानमंत्री ने इस दिन को मनाने की घोषणा इसी उद्देश्य से की थी कि भारतवासी अपने इतिहास से सबक लें और स्वर्णिम भविष्य के लिए राष्ट्र की एकता के प्रति समर्पित हों। हरियाणा की इस भूमि ने बंटवारे के दर्द को कुछ अधिक ही सहन किया है। यहां से अनेक परिवार पाकिस्तान तो गए ही, उस समय के पश्चिमी पंजाब से उजडकर आने वाले परिवारों की संख्या भी अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। विभाजन की इन्हीं यादों को बनाए रखने और नई पीढ़ियों को आपसी प्यार व सद्भाव की सीख देने के लिए कुरुक्षेत्र जिले के गांव मसाना में देश का विश्व स्तरीय शहीदी स्मारक बनाया जा रहा है। इस स्मारक पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए पंचनद स्मारक ट्रस्ट ने 25 एकड़ भूमि सरकार को दान के रूप में दी है। उन्होंने कहा कि पंचनद स्मारक ट्रस्ट ने वर्ष 2010 में अपनी स्थापना से लेकर अब तक हमारे पूर्वजों की याद बनाए रखने के लिए ठोस प्रयास किए हैं।*

## खबर संक्षेप

### मंडियों से 40 फीसदी गेहूं का हुआ उठान

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 175994.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीदा गया है। इन मंडियों में अब तक 29704 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 40.5 प्रतिशत के साथ 79979 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### यात्रा का कक्कड़ माजरा में हुआ स्वागत

**शहजादपुर।** ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथोन-2.0 साइकिल यात्रा रविवार को जिला पंचकूला से जिला अंबाला के गांव कक्ड़माजरा में पहुंची। यहां पर प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों, सरपंचों तथा भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। डीएसपी सूरज चावला, बीडीपीओं शहजादपुर सुशील मंगला, सरपंच यूनियन जिला प्रधान कैप्टन केहर सिंह, भाजपा मंडल प्रधान विक्रम राणा, नीटू शर्मा खानपुर ब्राह्मणा, सरपंच नेहा शर्मा माजरा, संदीप चतान, अभिषेक शर्मा सरपंच प्रतिनिधि कक्ड़माजरा, कुलबीर भेड़ों, सतपाल धीमान रजौली तथा एसडीओ अंकूश सहगल, डॉ. मयंक गुप्ता भी मौजूद रहे।

### नन्हेड़ा में 100 लोगों की जांची आंखें

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट के रेड रिबन क्लब एवं वाईआरसी ने कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में गांव नन्हेड़ा में एक दिवसीय आंखों की मुफ्त जांच का शिविर लगाया। इस शिविर में गांव के लगभग 100 स्थानीय लोगों ने अपनी आंखों की मुफ्त जांच करवाई। इस अवसर पर टीम सदस्यों ने नेत्र जांच कराने आए व्यक्तियों को मुफ्त आई ड्रॉप्स एवं मुफ्त आंखों के चश्मे भी दान किए। इस अवसर पर गांव की एमसी प्रियंका ,समाज सेवी मास्टर अविनाश कुमार, सुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, डॉक्टर सुम्या, डॉ. सुमन, गायत्री भी उपस्थित रही।

### रिहायशी कॉलोनियों के लोगों को मिलेगी राहत

# धूलकोट से अंबाला कैंट सब-स्टेशन तक 33केवी लाइन हटाने के आदेश

- बिजली मंत्री अनिल विज बोले, 20 किलोमीटर लंबी लाइन से हजारों परिवार परेशान, लाइन हटाने के लिए बिजली निगम जल्द शुरू करेगा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी की दर्जनों रिहायशी कॉलोनियों से गुजर रही 33 केवी लाइन हटाई जाएगा। अंबाला शहर के धूलकोट से यह लाइन अंबाला छावनी तक आ रही है। रिहायशी कॉलोनियों में छतों से होकर गुजर रही यह लाइन परिवारों के लिए बड़ी मुसीबत बन रही है। बिजली मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम के अधिकारियों को तुरंत ये लाइन हटाने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री ने कहा कि इस लाइन के हटाने से धूलकोट से अंबाला छावनी 12 क्रास रोड तक दर्जनों कॉलोनियों के निवासियों को फायदा होगा। कुछ स्थानों पर यह लाइन कॉलोनियों के ऊपर से गुजर रही थी जिससे उन्हें खतरा था।

#### सैकड़ों पोल व उपकरण लाइन से हटेंगे

20 किलोमीटर लंबी लाइन हटाने के लिए बिजली निगम द्वारा लगभग 200 से ज्यादा लोहे व पीसीसी पोल बो हटाया जाएंगे। इसके अलावा स्क्वेयर कंडक्टर व अन्य उपकरणों को भी हटाया जाएगा। लाइन को हटाने के लिए बिजली निगम द्वारा खाका भी तैयार कर लिया गया है। विज ने निगम अधिकारियों को जल्द ही लाइन हटाने की कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिए हैं ताकि जल्द ही लोगों को राहत मिल सके।


अंबाला। रिहायशी कॉलोनियों से गुजरती 33 केवी की लाइन। फोटो : हरिभूमि

#### लाइन हटाने में लगेगा समय

20 किलोमीटर लंबी लाइन को हटाने के लिए बिजली निगम की ओर से योजना तैयार कर ली है। बेशक इसमें कुछ समय लगेगा लेकिन इसके हटने से जाने अनजाने में होने वाले हादसों से राहत मिलेगी। रिहायशी भवनों की छतों से गुजर रही यह लाइन कई लोगों को अपना शिकार बना चुकी है। इसके हटने से जानी नुकसान की संभावना भी कम हो जाएगी। दरअसल अंबाला छावनी की कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों ने ही बिजली मंत्री अनिल विज से इस लाइन को हटाने का आग्रह किया था। लोगों ने कहा था कि यह लाइन उनके जीवन के लिए खतरा बन रही है। तभी विज ने बिजली निगम के अधिकारियों को 33 केवी की लाइन को हटाने के निर्देश जारी किए।

#### इन कॉलोनियों से हटेगी लाइन

उर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि 33 केवी लाइन अशोक नगर, पूजा विहार, करधान, नग्गल, रामपुर, सरसेहड़ी, आजाद नगर, आनंद नगर, दयालबाग व इसके आसपास कई कॉलोनियों, बब्याल, बोह, डिफेंस कालोनी के अलग-अलग सेक्टरों के अलावा डिफेंस कालोनी गुरुद्वारा, शिव मंदिर, सरसेहड़ी, टुंडला, टुंडली, गरनाला व नारायणगढ़ रोड, बलदेव नगर की अलग-अलग कॉलोनियों से होते हुए धूलकोट सब स्टेशन से हटेगी। 33केवी लाइन हटने से इन क्षेत्र के हजारों परिवारों को लाभ मिलेगा। 33केवी लाइन का लोड अंबाला छावनी 12 क्रास रोड स्थित 66 केवी सब स्टेशन पर शिफ्ट कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी।

## शटरिंग कारोबारी पर फायरिंग करने वाले बदमाशों का नहीं लगा सुराग

- पुलिस बोली हर एंगल से की जा रही है मामले की जांच, जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लक्ष्मी नगर में शटरिंग कारोबारी पर फायरिंग के मामले में पुलिस आरोपियों की पहचान नहीं कर पाई है। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए लगातार विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल पा रहा है।

पुलिस ने अपना खुफिया तंत्र भी सक्रिय कर दिया है। दरअसल, 11 अप्रैल की देर शाम सेक्टर 9 के लक्ष्मी नगर इलाके में शटरिंग कारोबारी पर दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। घायल अवस्था में नवनीत को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया था। जहां अगले दिन ऑपरेशन के बाद उसके पैर में फंसी गोली निकाली जा सकी थी। पुलिस अभी तक गोली चलाने वालों की पहचान नहीं कर पाई है। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह के अनुसार हमलावर बिना नंबर प्लेट की बाइक से गोली चलाने पहुंचे थे। साथ ही साथ उन्होंने सफेद गमछे से अपने मुंह को भी ढक रखा था। जिस वजह से अभी तक उनकी पहचान करने में सफलता हाथ नहीं लग रही है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 150 से अधिक सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लक्ष्मी नगर से लेकर वाटिका तक के सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। लेकिन आरोपियों की पहचान नहीं हुई। बता दें कि अंबाला सेक्टर 9 थाना के सब इंस्पेक्टर अमर सिंह के अनुसार लक्ष्मी नगर इलाके में नवनीत कालड़ा नाम का व्यक्ति टूर एंड ट्रेवल्स का काम करता है। वह अपनी दुकान पर ही बैठा था। इसी दौरान दो नकाबपोश बदमाश आए और पिस्तौल तान कर नवनीत पर गोली चला दी। बदमाशों ने यहां 4 गोलियां चलाई, एक नवनीत के पांव में लगी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

पुलिस को मौके से गोलियों के दो ही खोल मिले हैं। घायल नवनीत ने बताया कि दो नकाबपोश बदमाश आए थे, जिनमें से एक ने बाइक पर बैठा रहा। उसकी बाइक स्टार्ट थी। दूसरे ने उसके पास आकर फायर कर दिया। बाइक पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी। दोनों ने चेहरे पर सफेद रंग का गमछा बांध रखा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश सेक्टर 9 की तरफ से आए और फायरिंग कर मॉडल टाउन की ओर भाग गए।

## बरसात व ओलों ने बिगाड़ी अनाज मंडी की तस्वीर

- खुले आसमान के नीचे भीगा किसानों का पीला सोना
- प्रशासन के दावे और आश्वासन अभी भी जमीनी हकीकत से कोसों दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रविवार को दोपहर बाद इलाके में हुई अचानक तेज़ बरसात और ओलावृष्टि ने बराड़ा की अनाज मंडी में रखी हज़ारों क्विंटल गेहूं को भीगो दिया जिससे किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ा और इससे प्रशासना के सभी दावों की भी पोल खुल गई। रविवार को दोपहर बाद हुई अचानक बरसात से किसान अपनी मेहनत को बारिश में भीगता देख लाचार नज़र आया।

आपको बता दें कि शुक्रवार रात को अचानक मौसम ने करवट ली थी और तेज़ हवाओं के साथ मूसलधार बारिश शुरू हो गई। उस दिन भी कई जगहों पर ओले भी गिरे। उस दिन भी मंडी में रखी गेहूँ की बोरियां भीगीं, बल्कि खेतों में खड़ी गेहूं की पक्की फसल को भी नुकसान पहुंचा। रविवार को हुई बरसात का जायजा लेने जब मीडिया की टीम अनाज मंडी बराड़ा में पहुंची तो देखा कि खुले आसामन के तले पड़ी फसल को किसीी प्रकार की ढकने की व्यवस्था नहीं थी।


बराड़ा। अनाज मंडी बराड़ा में खुले आसमान के नीचे बरसात में भीगी हुई गेहूं की बोरियों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

#### आढ़तियों को नोटिस जारी किया जाएगा

*अनाज मंडी बराड़ा में एक ही खरीद एंजेसी हैफेड के माध्यम से गेहूं खरीदी जा रही है। वैसे तो अनाज मंडी में बरसात से गेहूं को भीगने से बचाने के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए गए थे, लेकिन अगर गेहू भीगने की बात सामने आती है तो इसके लिए आढ़तियों को नोटिस जारी किया जाएगा। रही बात 14 अप्रैल के बाद से उठान न होने की, तो यहां तो हर रोज उठान फसल का उठान होता है। ऐसी तो कोई बात नहीं है। किसानों को अनाज मंडी में फसल बेचने के बारे में कोई भी समस्या आती है तो हम उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करते है।*
*- राहुल मेव, सचिव मार्केट कमेटी बराड़ा*

## जेईई मेन में आरपीएस के 55 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाईल से अधिक पाया स्कोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणामों में आरपीएस ग्रुप के 55 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा। आरपीएस की हर्षि ने 99.985, परसेंटाईल, छवि यादव ने 99.92 परसेंटाईल, सुजल व पियूष व सुजल ने 99.86 परसेंटाइल प्राप्त कर अंकों की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ है, वहीं विषयवार परीक्षा परिणाम पर नजर डालें तो आरपीएस की हर्षि, ईशान, लक्षिता व अनुज ने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त कर पूरे भारत में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की अमिट छाप छोड़ी।

वहीं मैथ्स में ईशान ने 100 परसेंटाइल, छवि ने 99.99, हर्षि ने 99.98, तनिष्क व कार्तिक ने फिजिक्स में 99.96 पर्सेंटाइल प्राप्त की तो वहीं केमेस्ट्रि में हर्षि ने 99.98 पर्सेंटाइल प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की हर्षि ने 99.985 परसेंटाइल, छवि यादव ने 99.92, सुजल ने 99.86, पियुष ने 99.86, प्रणव कुमार ने 99.83, हर्षित राय ने 99.80, सिद्वार्थ आर्य ने 99.80, इसान अफरिया ने 99.79, चनदाशू ने 99.44, रितविक ने 99.44, रिदम ने 99.77, दिव्यांशी तेवतीया ने 99.77, गुणादित्य संधू ने 99.77, चितवन ने 99.75, प्रियांशु ने 99.75, कृष ने 99.74, अनुज ने 99.69, याशिका ने 99.60, ललित ने 99.58, सुमित पहल ने 99.55, कार्तिक ने 99.52, कृष ने 99.52, हिमेश ने 99.01, हरमित खुराना ने 99, समर्थ ने 99 व रितू यादव ने 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव एवं डिप्टी सीईओ कुनाल राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने अपने प्राध्यापकों के उचित मार्गदर्शन व बच्चों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि एक ही ग्रुप के सबसे अधिक बच्चों ने जेईई मेन में अच्छी प्रसेंटाईल प्राप्त कर आरपीएस के साथ-साथ अपने जिले व प्रदेश का नाम गौरवांवित किया है।



महेंद्रगढ़। विजय चिहन बनाकर खुशी जाहिर करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## मिर्गी के दौरे व ब्रेन स्ट्रोक के लक्षणों और बचाव को लेकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। समापन समारोह में प्राचार्य, डॉ. देस राज बाजवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। फिजिशियन डॉ. अनिल अग्रवाल ने मिर्गी के दौरे पड़ना और ब्रेन स्ट्रोक के लक्षणों और बचाव संबंधी जानकारी सरल भाषा में प्रदान की। कार्यशाला में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों व एनसीसी कैडेट्स ने बहुत से मनोविज्ञानक समस्याओं तथा एप्लिप्सी का समाधान पूछा, जिनका समाधान मौके पर ही प्रदान कर दिया गया। डॉ. आशुतोष अग्रवाल, एडवोकेट पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ़ ने लीगल सपोर्ट सर्विसेज व फॉरेंसिक मनोविज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान की । प्राचार्य, डॉ. देस राज बाजवा ने तीन दिवसीय कार्यशाला के सफल आयोजन पर एनसीसी अधिकारी लेफ़्टिनेंट डॉ. अजय गौरी, डॉ . पूनम धीमान व डॉ. रवि अग्रवाल को बधाई दी। आयोजन का मूल उद्देश्य किशोरों और वयस्कों में व्याप्त मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं की लत, मनोवैज्ञानिक विकारों के बारे में जागरूक करना था।



अंबाला। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

#### छात्रों को पुरस्कार बांटेंगे डीसी तोमर

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 25 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसमें डीसी अंबाला अजय सिंह तोमर अकादमिक,खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में विशिष्ट स्थान पाने वाले छात्रों को नकद प्रकार के। साथ-साथ मेरिट सर्टिफिकेट व ट्रॉफी भेंट करेंगे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने बताया कि समारोह की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। 24 अप्रैल को कार्यक्रम की रिहर्सल की जाएगी। डॉ. बाजवा ने बताया कि कॉलेज के करीब दो सौ छात्रों को विभिन्न उपलब्धियों के।लिए डीसी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह एलुमनाई मीट का भी आयोजन किया जाएगा।

## सूने पड़े घर में चोरी, लाखों के गहने चोरों ने किए साफ

**बराड़ा।** एक सूने घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। घर में रखे लाखो के गहनों को ले कर फरार हो गए। शिकायतकर्ता विकास विहार कॉलोनी की नीतू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिलाई का काम करती है।

बीती 20 मार्च को अपने मायके माधव दास कॉलोनी, जिला रूपनगर (पंजाब) गई हुई थीं। जब वे 25 मार्च को वापस लौटीं तो देखा कि उनके मकान का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। घर में जांच करने पर पता चला कि चोर घर से दो टिक्की सैट, एक सोने की चेन, दो टोकस, दो बालियां, दो नाक के कोके, एक जोड़ी बच्चे की टोकस, नौ जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी की चेन, दो पैडल चांदी, एक नग वाली चांदी की अंगूठी और सात-आठ सिक्के चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मिर्चपुर के खेतों में लगी आग, 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

क्षेत्र के गांव मिर्चपुर के खेतों में लगी आग के कारण करीब 50 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मौके पर किसानों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। किसानों ने सरकार से मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने का काम करें ताकि किसानों के घरों का चूल्हा जल सके।

अन्यथा उनके परिवारों को दो वक्त की रोटी के लाले पड़ जाएंगे। मिर्चपुर निवासी पीड़ित किसान प्रवीण, वीरेंद्र, सतपाल, जोगिंदर, बिजेंदर, राजा, लोकेश, अमित, जगबीर, रामफल, धर्मवीर, मनोज, बलराज, वीरेंद्र, लहना, रवींद्र इत्यादि ने बताया कि शनिवार की शाम को गांव सीसर की तरफ से आग लगने की सूचना मिली तो सभी ग्रामीण तुरंत प्रभाव से खेतों में पहुंच गए पानी के टैंकरों और ट्रैक्टरों की सहायता से आग पर काबू पाने की कवायद शुरू कर दी। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी खेतों के तंग रास्तों में फायर ब्रिगेड की गाड़ी रास्ते में ही अटक गई लेकिन किसानों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने आग बुझाने के लिए अपने प्रयास जारी रखें। किसानों ने कड़ी मेहनत के बाद आज पर काबू पाया लेकिन तब तक किसानों की करीब 50 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। रविवार को युवा नेत्री सोनिया दुहन पीड़ित किसानों से मिलने के लिए खेतों में पहुंची और किसानों को हर तरह से मदद करने का आश्वासन दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### पंचकूला से फिर यात्रा ने अंबाला में किया प्रवेश, साहा से अंबाला छावनी पहुंची

## प्रदेश को नशामुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी साइकिल यात्रा

- प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भाजपा नेताओं ने भी यात्रा में शामिल लोगों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

साईक्लोथॉन- 2.0 साइकिल यात्रा का रविवार को साहा नजदीक राधा स्वामी सत्संग भवन में पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। बीडीपीओ सुशील मंगला, डीएसपी सुरेश, साहा मंडल अध्यक्ष संजीव सैनी, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी, सरपंच साहा जयपाल बत्तरा, सरपंच फुलेलमाजरा विजय कुमार, सरंपच कालपी रिंकू सिंह, सरपंच चुडियाली लखविन्द्र सिंह, सरपंच ढक्कौला देवेंद्र कुमार, सरपंच टोबा बृजपाल राणा, महामंत्री विजय कुमार, महामंत्री अमित राणा, पूर्व अध्यक्ष संजीव मिश्रा, चेयरमेन गुलाब सैनी ने साइकिल यात्रा में शामिल प्रतिभागियों को फूल माला पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन किया।

इस मौके पर नशे से दूर रहने बारे शपथ भी दिलवाई गई। यहां बता दें कि साइकिल यात्रा रविवारको पंचकूला से नारायणगढ़ उपमंडल के तहत शहजादपुर, कड़ासन, पिलखनी होते हुए साहा पहुंची थी। उसके उपरान्त यह यात्रा यहां से मिठ्ठापुर, खुड्डा कलां, महेशनगर होते हुए अंबाला छावनी वॉर हीरोज स्टेडियम के सामने एससी स्पोर्टस छात्रावास पहुंची। यहां पर भी यात्रा का पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ अन्य लोगों ने स्वागत किया। उपायुक्त ने बताया कि यह साइकिल यात्रा हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में कारगर साबित होगी।

नशा जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अपनी भागीदारी निभानी होगी। यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रदेश को नशामुक्त करना हैं। यात्रा के माध्यम से सभी को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने बारे संकल्प एवं शपथ भी दिलवाई जा रही है। इस यात्रा में आमजन के साथ-साथ खिलाडिय़ों, सामाजिक संस्थाओं, सरपंच प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, स्कूली विद्यार्थियों, कॉलेज के विद्यार्थियों का काफी सहयोग मिल रहा हैं। डीएसपी रमेश कुमार ने बताया कि यह यात्रा सोमवार को प्रातः 7 बजे यहां से चलेगी और मोहड़ा होते हुए कुरूक्षेत्र जिले में प्रवेश करेगी।

उन्होंने कहा कि हम सबके सांझे प्रयासों से हरियाणा ड्रग फ्री बनेगा।यात्रा में साथ चल रहे पुलिस के सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि हिसार से 5 अप्रैल को यह यात्रा शुरू हुई थी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसका शुभारंभ किया था। यह साइकिल यात्रा 27 अप्रैल को जिला सिरसा में पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 16 दिन में यह यात्रा 17 जिलों को कवर कर चुकी है।

हॉकी कोच अमनदीप ने साहा से एससी छात्रावास अंबाला छावनी तक साइकिल यात्रा में शामिल होकर सभी को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। यात्रा में शुरू से चल रहे 66 वर्षीय रोहतक के सहदेव ने बताया कि वे पुलिस से सेवानिवृत हैं। इस यात्रा में शामिल होकर ड्रग फ्री हरियाणा बनाने का संदेश दे रहे है। उन्होंने बताया कि साइकिल चला कर नशा मुक्त हरियाणा बनाने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना आज सबसे महत्वपूर्ण काम है।



अंबाला। साइकिल यात्रा में शामिल सब इंस्पेक्टर का अभिनंदन करते लोग व यात्रा में शामिल साइकिल सवार। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला खेल अधिकारी राजबीर सिंह, कोच परमजीत, कोच राम कुमार, कोच संजय, कोच सुखचैन, कोच विकास, कोच रविंद्र, कोच विश्वजीत, अंजू ढुआ, कुसुम, मधू थापा, पूनम व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहें।